04/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24x7 जलापूर्ति पायलट परियोजना का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि 24x7 जलापूर्ति से मनीमाजरा के करीब एक लाख लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर करीब पचहत्तर करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और मनीमाजरा में चार एमजीडी पानी की टंकी बनाई गई है, बारह हजार नए पानी के कनेक्शन लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य 24x7 उच्च दबाव वाली आपूर्ति के माध्यम से जनता द्वारा इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है।

0000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हवाई, सड़क, रेलवे और जलमार्ग जैसे विभिन्न परिवहन साधनों के माध्यम से मानव अंगों के परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। सरकार द्वारा जारी एसओपी देश भर में अंग प्रत्यारोपण में शामिल लोगों के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगा।

0000000000000000000000

राज्य शिक्षा एवं संबद्ध मंत्री पासांग दोरजी सोना ने शुक्रवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। अपने सोशल मिडिया पोस्ट के जरिए श्री सोना ने कहा कि मुलाकात के दौरान अरुणाचल को प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने, पर्यटन के बुनियादी ढांचा को बेहतर बनाने, स्थानीय विरासत एवं संस्कृति का जश्न मनाने और पर्यटको के समग्र अनुभवों को उन्नत करने के उपर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाने और सांस्कृतिक सुंदरता को सुरक्षित रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

0000000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल खेलो इंडिया स्कीम के तहत केंद्र सरकार द्वारा एक सौ अड़तालीस दशमलव नौ एक रुपए की धनराशि अरुणाचल में निवेश करने की जानकारी देते हुए कहा कि यह राज्य में खेल क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। अपने सोशल मिडिया पोस्ट के हवाले से उन्होंने कहा कि इक्कीस निर्माणाधीन मूलढांचा परियोजनाओं के साथ-साथ तिरबिन, बासार, वाकरो, रोईंग और दिरांग में बहुउद्देशीय हॉल का पूरा होना स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करना और उन्हें विश्व - स्तर की सुविधा प्रदान करने का सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मेन ने कहा कि यह सारी विकास अरुणाचल को देश के खेल परिदृश्य में मुख्य खिलाड़ी के रुप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण है।

000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अपने सोशल मिडिया पोस्ट के जरिए से बताया कि दोन्यी पोलो एयरपोर्ट होलोंगी से कोलकत्ता के लिए डैली अड़ान सेवा को अब इंडिगो ने शुरुआत कर दी है। वहीं ईटानगर से गुवाहाटी की उड़ान सेवा जल्द ही फिर से शुरु किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कनेक्टिविटी व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपार संभावनाओं को खोलेगा, इससे सभी के लिए सफर और सुगम और कुशल बनेगा। उन्होंने कहा कि एटीसी टावर और टर्मिनल भवन का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि वेस्ट सियांग, शी योमी, लेपारादा, क्रा दादी, तवांग, कामले, पाक्के केसांग और लोअर सुबनसिरी जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिले येल्लो अलर्ट जोन में है। इन जिलों के अलग-अलग स्थानों में आज भारी वर्षा के साथ बिजली कड़कने और आंधी तूफान आने की संभावना जताई गई है।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय में “रोक आर्ट: भारत का पूरातत्व; पूर्वोत्तर भारत के साथ तुलनात्मक व्याख्या” पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टि कल संपन्न हो गया। इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स, आदी दृश्य डिविजन और इंडियन काऊंसिल ऑफ हिस्ट्रिकल रिसर्च तथा आर जी यू के एंर्थोपॉलोजी विभाग ने मिलकर इस संगोष्ठि का आयोजन किया था।

00000000000000000000

दापोरिजो में बीते शुक्रवार को तिगरे कॉलोनी में शर्ट सर्किट से हुए आग दुर्घटना पर जिले के लोगो ने बिजली विभाग़ की कड़ी निंदा की है। आग दुर्घटना पीड़ित द्वारा लगाए आरोप की दुर्घटना से एक दिन पहले कथित तौर पर नशे के हालत में एक इलेक्ट्रिशियन का ट्रांस्फोमर की मरम्मत करते हुए दिखे जाने के आरोप के बाद लोगों ने बिजली विभाग की निंदा की। वहीं स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वक्त पर पहुंचने में विफल रहने के लिए लोगों ने अग्निशमन सेवा विभाग की भी निंदा की। लोगों ने दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

000000000000000000

पेरिस ओलंपिक 2024 में आज भारत ने पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराया। भारत अब सेमीफाइनल में पहुंच गया है। मुक्केबाजी में, भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरोगोहाई महिलाओं के क्वार्टर फाइनल पचहत्तर किलोग्राम वर्ग में चीन से हार गईं। इसके अलावा, बैडमिंटन में, शटलर लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में सीधे गेम में डेनमार्क के विश्व नंबर दो विक्टर एक्सेलसन से हार गए। सेन कल कांस्य पदक के लिए मलेशिया के ली ज़ी जिया से भिड़ेंगे।

0000000000000000000

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि असम के मोरीगांव में टाटा की सेमीकंडक्टर इकाई का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह इकाई सत्ताईस हजार करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी और इससे पंद्रह हजार प्रत्यक्ष और ग्यारह से तेरह हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र में बनने वाले चिप्स का उपयोग ई-वाहन और संचार एवं नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में किया जाएगा।

000000000000000000

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। इससे पहले, उन्होंने इस साल जनवरी में एसएसबी के महानिदेशक का पदभार संभाला था।